CORRECTION OF ANSWER TO U. S. Q. NO.. 6826 DATED 20-4-70 RE—EXTENSION TO COMMISSION OF INQUIRY IN HALDIA-BARAUNI PIPELINE CASE.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS (SHRI D. R. CHAVAN): While answering part(e) of the above question, I had stated that 'no expenditure was incurred on the Commission of Inquiry prior to the retirement of Shri N. S. Rau." This is incorrect. It seems that an expenditure of Rs. 2,809·04 was also incurred on the Commission of Inquriy prior to the retirement of Shri N. S. Rau. However, the total expenditure upto 28-2-1970 remains the same.

To the extent indicated above, I crave the idulgence of the House to correct the reply previously given.

---

**12·25 hrs.**

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

INDIA'S REPORTED PROTEST AGAINST U.S. VICE-PRESIDENT'S REMARKS

SHRI S. M. BANJERJEE (Kanpur): I call the attention of the Minister of External Affairs to the following matter of urgent public importance and I request that he may make a statement thereon:—

> India's reported protest to the U. S. A. against the U. S. Vice-Presidents' remarks that India was not taking any steps as Chairman of the International Control Commission on Combodia due to Soviet opposition.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH): The Government of India regret to note that in his television interview on 3rd May the Vice President of United States, Mr. Spiro T. Agnew, had while referring to the situation in Cambodia stated "the Indians, who are presently the Head of the Intrernational Control Commission, are reluctant to take any action without Soviet approval." This gave the impression that the Vice President of United States was casting aspersions on the independent functioning of India as the Chairman of I. C. S. C. as well as casting reflection on India's independent policies and her sovereign status.

The matter was immediately taken up with the Unite States Embassy in New Delhi and with the State Department in Washington. The Foreign Secretary received the U. S. Ambassador and conveyed to him our unhappiness at the remarks made by the Vice-President. The U. S. Ambassador promised to convey our views to his Government.

Our Charge d' Affairs also called at the State Department and conveyed our feelings to the appropriate authorities. The Deputy Assistant Secretary of State informed our Charge d' Affairs that the Vice President's remarks should however be read in continuity of preceding sentences in which the Vice President spoke of Russia's intention to veto any move to reconvene I. C. C. In United States view, he continued, while theoretically India could, perhaps, reconvent I. C. C. without Russian or Polish agreement, to be able to function effectively I. C. C. should be reconvened with agreement of all concerned. As regards India's sovereignty, the U. S. Deputy Assistant Secretary of State said that U. S. Government recognize and appreciate that in its foreign policy India acts independently of any foreign influence or pressure. Subsequently our Charge d' Affairs was informed that the State Department had got in touch with the Vice President and that the Vice President had confirmed that no aspersion or reflection of any kind on India's sovereignty or independence of attitude or action was intended by him.

Government of India have taken note of the explanations given by the U.S. authorities.

The United States Government cannot expect India to support them in their armed intervention in Cambodia. India cannot view with favour the entry of U. S. forces in Cambodia in violation of Cambodia's sovereignty. It is Government of India's firm view that introduction of foreign forces will not lead to any solution to the problem of Combodia as indeed of any other State of Indo-China. The only way to resolve the issues is by the withdrawal of all foreign forces from each of the states of Indo-China and by a resolve to settle the issues peace-

[Shri Dinesh Singh]

fully in a conference to be attended by all concered parties so that the people in each country decide their future without any foreign interference.

It is towards this end that the Government of India continue to endeavour and are in touch with concerned Governments and parties through diplomatic channels. In their view it would be helpful to the restoration of peace in this area if United States, as indeed other parties, would cooperated with the Government of India and others in bringing about a withdrawal of of foreign forces rather than aggrevate the situation by further military involvement.

SHRI S. M. BANERJEE : I am happy that the Vice President of America has at last realise that India is not a colony of the America imperialists and we have our sovereignty...(*Interuptions*) There was massive anti-war rally in Washington. What is going on in Washington today? More than a lakh of students and youth called President Nixon a liar, imperialist war-monger and had demanded the impeachment of President Nixon and in other cities of the United States also rallies were held. We in this conotry also saw that in every big city there were demonstrations against the naked barbarous and brutal aggression of the US imperialists...(*Interuptions*) We could never have imagined that our American sisters and brothers could brave the American can bullets to champion the cause of the people in Viet-Nam.

MR. SPEAKER : This is a question about Vice-President's remarks.

SHRI S. M. BANERJEE : He is the Vice-President to Nixon, President with a vice.

MR. SPEAKER : Please do not use such words.

SHRI S. M. BANERJEE : Apart from making meek, submissim and polite statements, what do our Government propose to do?

The American Government wants the ICC to fnuction. At the same time, some of the countries who are of the ICC do not want to co-operate. The other day, the hon. Minister made a statement here that a confesence is being convened. I would like to know that conference is being convened and whether a vcondition will be kept, imposed, that unless the US Government withdraws all forces and stops bombing, no such conference will be convened. And India, if it is a sovereign country, if it really wants to champion the cause of Afro-Asian countries let it declare here and now that they are against the bombardment and they should condemn this naked aggression-not in these courteous and polite words- and call them the aggressor. This is agression. If they are allowed to attend the conference and if it allows them to go away with the fruits of aggression, that is a thing to which no countsy should agree. I would like to know the reaction of the hon. Minister : whether he is going to make such a statenent and the conference is convened only when the American forces are withdrawn and the bombardment stopped.

SHRI DINESH SINGH : The hon. Member presumably is referring to the American bombardment of DRVN. He has asked to make a categorical atatement against it here and now. We have already made it in this House a few days ago. It is out-of-date now; we have already said that we do not see any justification for the United States to have resume the bombing of DRVN. This was said here and in the other House.

So far as the first part of the question is concerned, whether the conference is going to be convened and it should be convened only after the Americans have withdrawn, we are not proposing to convene any conference.

SHRI S. M. BANERJEE : Sir, my question has not been answered. The other day, he made a statement that he is trying to convene a conference.

MR. SPEAKER : He has made it clear; he has categorically stated it here. What else do you want ?

SHRI S. M. BANERJEE : What India as going to do. They are simply protesting. What are they going to do ?

MR. SPEAKER :He has said he has to perform like that. Shri Indrajit Gupta.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): The reported protest made by our Government against these derogatory remarks

of the Vice-President of the United States was given quite wide publicity in the press from which we got the impression that perhaps this protest had been conveyed in the form a formal note or something like that, but now, the Minister has clarified that no note or anything of the kind was sent: a junior official was ssummoned and told we are very unhappy about it; we have expressed our unhappiness.

I am referring to this question again only because cannot help reminding the House, and you, Sir, that in 1961, when the armed forces of our country entered Goa, which was part of our motherland, the same American Government did not hesitate to accuse us of aggression in the security council of the United Nations, and demanded that we should withdraw. Therefore, this diplomatic politeness and courtesy in which we have beecome experts should not be one-sided traffic. I want to know from the hon. Minister, when he harps continuosly on this theme of withdrawal of all forces as a pre-condition for a settlement, does he wish to place in the balance, and balance as equals, the forces of those countries which are vitally concerned with the neighbouring areas there, which are Vietnamese—whether north or south or whoever they may be on whose border is Cambodia, on which the question of their national security depends? Does he put these people in the same category as the United States who have to business whatsoever to be in that part of South East Asia, who live thousands of miles away from there and who have nakedly intruded their armed forces there ? Why do you again hide behind this technical quibbling? That is the question would like to ask. He may not like for diplomatic reasons to speak here in Parliament only against America. But I want to know which America he is concerned with. There are two Americas today in front of our eyes. There is the America of the Pentagon and Washington, whom he does not want to annoy. There is another America, which is laying down its life and shedding its blood. I want to take this opportunity of paying my tribute to those four students, of whom two were girls, of the Kent University, Ohio, who fell victim to the bullets of the National Guardsmen. Mr . Galbraith, with whom we are all familiar, has marched in one of those demonstrations protesting against the invasion of Cambodia. The United States Senate Foreign Affairs Committee has gone record agsinst it. Senators like Mr. Mansfield have spoken out against it. There is another America, the conscience of the people of America. Whom does he want to annoy and whom to please ? Why does he harp only on one America of the Pentagon and the Generals who are carrying out this misadventure ?

Apart from our role as Chairman of the I. C C., where we are completely paralysed and I do not think we can do anything; and, it is better to resign; apart from that as the spookesman of a major Asian country, the biggest Asian country, have we not got any responsibility declare before the world that stand against this aggression by a white power in South-East Asia. Why are we hesitating like this and destroying our image before the world ?

SHRI DINESH SINGH : So far as aggression is concerned, aggression is bad whether it is done by white power, black power or brown power Colour does not differentiate aggression. Aggression in itself is bad, whatever may be the source of the aggression. If the hon. member would kindly care to consider the statements have made in this House he will see that we have in unequivocal terms stated that we against American armed intervention in Cambodia. (*Interruptions*). About hesitating, of course, we sometimes choose different words. The hon. member would allow me to choose the word I want, just as he chooses his word. (*Interruptions*). So far as equating America with other forces is concerned, I am not quite sure what the hon. member is implying. The point is, the presence of foreign forces, whatever source may be, is bad We have said that all foreign forces, whether they are of the United States or of any other country, must be withdrawn. So far as equating is concerned, I have not attempted to pass any value judgment or to equate or compare the actions of countries. Presence of foreign troops is bad, whichever the source may be. Therefore, they must all be withdrawn. (*Interruptions*).

The hon. member said, we had not given any written protest and some junior official was sent for and told verbally about it.

The mode of protest, whether it is written or verbal, is not so important; what is important is to convey our views in this matter. The junior official the hon. member referred to was the United States Ambassador himself. He was sent for and this was conveyed to hom. (*Interruptions*).

**श्री जनेश्वर मिश्र** (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, अमरीका के उपराष्ट्रपति श्री अंगनू साहब का नाम बहुत ही साधारण आदमियों जैसा है। हमारे देश में जो बच्चा आंकन में पैदा होता है, उनका नाम अंगनू रख दिया जाता है। मैं सोचता था कि अंगनू नाम होने की वजह से वह कोई ऐसी हिमाकत नहीं करेंगे, लेकिन हिन्दुस्तान के बारे में उन्होंने जो राय जाहिर की है, उस की हर तरह से ताकत के साथ निन्दा होनी चाहिये। फिर भी अखबारों में भारत सरकार के मंत्रालय की तरफ़ से या प्रवक्ता की तरफ़ से जो बयान आया है उस बयान को पढ़ने के बाद अपने मन में एक दुविधा जागी है और वह दुविधा यह है कि क्या कम्बोडिया का सवाल अभी 4–6 दिनों का सवाल है या बहुत दिनों से है। हिन्दुस्तान की विदेश नीति, जब कई मामले खड़े हो जाते हैं तो फंस जाती है और उसका हल ढूंढने का ही काम करती रहती है। उसमें दूरदर्शिता की कमी है और उसका नतीजा यह है कि मकड़ी के जाले की तरह अपने ही समाधान में फंसी हुई है जैसे कि गृह मंत्री कल बम्बई में अपने कमरे में फंस गए थे और थोड़ी देर तक अपने को गिरफ्तार महसूस करते रहे। हमको लगता है कि इस देश में महाराष्ट्र या अन्य जगहों पर जो चल रहा है उसमें किसी दिन इनका मन ही खुद न इनको गिरफ्तार करले। यह शगुन था इनकी गिरफ्तारी का यह विदेश मंत्रालय भी मकड़ी के जाले की तरह फंसता है। बहुत दिनों से जवाहरलाल जी कम्बोडिया के बारे में कह चुके हैं, लाओस के बारे में कह चुके हैं कि कम्बोडिया और लाओस की संस्कृति अपने देश की संस्कृति से मिलती है, वहां पर रामायण के किस्से चलते हैं, वहां पर नाम भी हिन्दुस्तानी नाम जैसे होते हैं। लेकिन हिन्दुस्तान की सरकार ने पिछले बीस सालों में कभी इस बात की कोशिश नहीं कि कि सांस्कृतिक एकता के नाम पर वह देश हम लोगों के नजदीक आये। वहां के सिंहनूक साहब, जब उनके देश की जनता उनको निकाल देती है तो समानान्तर सरकार चलाने के लिए पीकिंग चले जाते हैं, दिल्ली की तरफ कभी नहीं आते क्योंकि दिल्ली ने दलाईलामा को रखकर सबक दिया है उसके बाद दुनिया का कोई भी आदमी दिल्ली की तरफ नहीं आयेगा। सिंहनूक साहब जोकि पदच्युत राजा है और दिनेश सिंह पदवाले राजा हैं तो क्या वे सिंहनूक साहब को न्योता देंगे कि वे पीकिंग के बजाये दिल्ली में आयें --मैं पीकिंग का नाम जानबूझ कर ले रहा हूं क्योंकि कई वर्षों से चीन हमारा दुश्मन देश रहा है और जो भी कोई काम वहां पर शुरू होगा वह हमारे देश के हित के खिलाफ होगा—तो क्या वे उनको न्योता देंगे और न्योता देने के बाद अन्तर्राष्ट्रीय आयोग का अध्यक्ष होने के नाते सिंहनूक और लोननोल, दोनों की सरकार के बारे में वहां पर जनमत कराने की कोशिश करेंगे कि जनता सिंहनूक के पक्ष में है या लोननोल के पक्ष में है? (**व्यवधान**) ... इसके अलावा आज हिन्दुस्तान की सरकार जिस हैसियत में है कम्बोडिया के मसले को हल करने के लिए, उस हैसियत का इस्तेमाल करके, कम्बोडिया से लगी हुई जो दूसरी सरहद है उस सरहद से पिछले कई सालों से, सिंहनूक के जमाने से, शिकायत आती रही कि 40 हजार वियटकांग की फौजें जमा हो गई तो उन दोनों को खाली कराने के लिए एक साथ कहेंगे और कम्बोडिया की जनता को इस बात का हक देंगे कि वह अपने पक्ष का फैसला खुद करे?

**श्री दिनेश सिंह**: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने अपने भाषण में विदेश नीति की बहुत सी बातों को एक साथ उठाया है। मेरे लिए इस समय कठिनाई यह हो जाती है कि मैं उनका पूरा जवाब दूं तो सदन का बहुत समय लगेगा और अगर जवाब न दूं तो गलतफहमी रह जाने का अन्देशा रहता है। लेकिन

इस खतरे के बावजूद, जो उन्होंने बहुत सी बातों का वर्णन किया है उनमें विस्तारपूर्वक न जाकर सिर्फ कम्बोडिया से सम्बन्धित सवालों का जवाब देने की कोशिश करूंगा। माननीय सदस्य ने जिस तरह से सवाल रखा उससे यह अन्दाज मिलता है कि माननीय सदस्य ऐसा समझते हैं कि हिन्दुस्तान से ऊपर पूरी जिम्मेदारी कम्बोडिया के मसलों को हल करने के लिए दे दी गई है। हिन्दुस्तान कह दे कि वहां पर जनमत हो जाये तो वह हो जायेगा। हिन्दुस्तान कहदे कि सब हट जायें तो सभी वहां से चले जायेंगे और चूंकि हिन्दुस्तान नहीं कहता इसीलिए कम्बोडिया में सभी झगड़े हैं। (**व्यवधान**) .... मैं तो यह कह रहा हूं कि अगर यह सवाल इतनी सादगी का होता तो हमको यह कहने में एक पल का भी समय नहीं लगता लेकिन इसमें तो बहुत से देश हैं और बहुत सी पेचीदगियां हैं। उन्हीं के बारे में जो यहां पर बयान हुए हैं उनको अगर माननीय सदस्य गौर से पढ़ें तो देखेंगे कि क्या उसकी कठिनाइयां हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास दूरदर्शिता नहीं थी, हमने पहले इस बात को नहीं देखा कि अमरीका वहां पर आने वाला है या और कौन वहां पर आने वाला है। लेकिन यह कोई दूरदर्शिता का सवाल नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बहुत सी बातें देशों को मालूम रहती हों लेकिन उसके बावजूद भी वह कुछ कर नहीं सकते हैं। अमरीका फौज ला रहा है तो हम फौज भेजकर नहीं लड़ सकते हैं। हम वहां पर खड़े होकर झंडी हिलादें और वह लौट जायें तो उसमें भी कोई कठिनाई नहीं है लेकिन ये बड़े पेचीदा सवाल हैं .. (**व्यवधान**)

**श्री जनेश्वर मिश्र** : मंत्री महोदय समझ नहीं पायें। हमने यह कब कहा कि आप फौज भेजिये। .. (**व्यवधान**) ...

**श्री दिनेश सिंह** : अभी माननीय सदस्य ने विदेश मंत्रालय में मकड़ी के जालों का जिक्र किया है लेकिन मैं तो समझता हूं कि जाला कहीं और है और वहां पर अगर वह साफ हो जाये तो ऐसी बातें ही न उठें।

जहां तक कम्बोडिया की जनता का सवाल है, हमने अपने वक्तव्य में साफ कहा है कि कम्बोडिया की जनता को ही ये सब फैसले करने हैं। उसके लिए वहां पर ऐसे साधन होने चाहिए और वहां पर जो बाहर की ताकतें हैं या उनका जो प्रभाव है उसको वहां से हटना चाहिए ताकि कम्बोडिया की जनता अपने मसलों को खुद तय कर सके। इस बात के लिए हम कोशिश कर रहे हैं। हमने पहले भी सदन में कहा कि हमने इसके लिए कोई ऐसी कोशिश नहीं की कि चारोंतरफ उसको गायें कि हम वहां पर क्या कर रहे हैं या क्या नहीं कर रहे हैं–हम अपने ढंग से राजनयिक तरीकों से सब देशों से इसके बारे में बातचीत कर रहे हैं।

आप देखें कि अभी माननीय सदस्य जो उधर बैठे हैं वह काफी जोर से यहां कहते थे कि हम क्यों न आई० सी० एस० सी० को वहां पर वापिस बुला लेते हैं, आज अमरीका मंजूर करता है लेकिन जब तक सब इसके लिए राजी न हों तब तक भारत अकेले नहीं बुला सकता है। इस तरह से बहुत सी पेचीदगियां हैं और उतनी आसानी से यह मामला नहीं सुधर सकता है जितनी आसानी से यहां पर माननीय सदस्य भाषण दे सकते हैं।

SHRI C. K. CHAKRAPANI (Ponnani) : From the statement of the Minister it appears to me that he is satisfied with the pronouncement of the State Department. This is all bogus. For the first time India is being attacked politically. Recently when our Government decided to consider proposal to recognise the Provincial Revolutionary Government of South Vietnam that move resisted and opposed by America and it was reported that America had asked India for a clarification. Finally, that move was given up. When these American imperialists criticise India we do not consider that criticism as insults to India The Minister has said that the Government against intervention. So, I would like to ask

[Shri C. R. Chakrapani]

whether the Government will come out in support of the revolutionary people of South East Asia—especially the people of Cambodia Secondly, may I know whether the Government will recognise the Government in exile, that is, the Government of Prince Sihanouk as has been done by all the socialist countries?

SHRI DINESH SINGH : I am not quite sure what the hon Member means by 'revolutionary people.' ... If the means that they are progressive people, of course, we are in support of progressive movements. We ourselves are a progressive party in this country and, therefore, our sympathy is with the progressive movements all over ......(*Interruption*).

So far as the question of recognition is concerned, the situation in Cambodia is very fluid and we do not wish to interfere in the internal affairs of Cambodia. We have not given any recognition to the changes in Cambodia We continue to function with the authorities in power.

**श्री सीताराम केसरी** (कटिहार) : अध्यक्ष महोदय, हमारे दोस्तों ने अपने आक्रोश को जिन शब्दों में अमरीका के अनुचितपूर्ण कम्बोडिया में सैनिक प्रवेश का विरोध किया है इस के लिये मुझे खुशी है। मगर जब ये प्रार्थनापत्र ले कर अमरीका के दूतावास के नजदीक गये तो मुझे लगा कि सदन के सदस्य होने के नाते जो उनकी मर्यादा है उस को उन्होंने घटाया है। सदन इस देश का सर्वोच्च फ़ोरम है जहां हम अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं और इस सदन के द्वारा अमरीका के व्यवहार, ऐक्शन और उसके आक्रमण का विरोध कर सकते हैं। हम को इस सदन द्वारा अपनी भावनाओं को प्रकट करना चाहिये था। लेकिन जिस तरह से अमरीकी दूतावास के नजदीक प्रार्थनापत्र ले कर माननीय सदस्य जो पहुंचे, उसके लिये मुझे दुख है। ये लोग वहां एक पेटीशनर की तरह गये। ये पार्लियामेन्ट के सदस्य हैं, इन के विचारों का सम्मान है, मगर अपने विचारों की अभिव्यक्ति यहां न करने के बजाय ये पेटीशनर की तरह वहां गये जिसको मैं उचित नहीं समझता हूं।

मैं भी आप के शब्दों से ज्यादा सबल शब्दों के साथ अमरीका के कम्बोडिया में हस्तक्षेप का विरोध करता हूं। मगर जिस ढंग से ये लोग गये उसको मैं ने पसन्द नहीं किया।

**श्री शशि भूषण** (खारगोन) : अध्यक्ष महोदय, प्वाइंट आफ़ आर्डर। तकरीबन 70 पार्लियामेन्ट के सदस्य यू० एस० दूतावास में कोई पेटीशन ले कर नहीं गये, जैसा माननीय सदस्य कह रहे हैं। हम अपना प्रोटेस्ट डेमांस्ट्रेशन ले कर गये थे। आज भी युवक कांग्रेस कार्यकर्त्ता जा रहे हैं हजारों की तादाद में अमरीकी दूतावास उस में कोई प्रार्थना-पत्र की जरूरत नहीं होगी। दुनिया के नौजवान और अमरीका के नौजवान भी अमरीका की कम्बोडिया नीति के विरोध में हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : यह कोई प्वाइंट आफ़ आर्डर नहीं है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) : यह अमरीका के दूतावास पर जाने वाले उस समय कहां थे जब रशिया ने चेकोस्लोवाकिया में अपनी फ़ौजें भेजी थीं। तब यह नहीं गये ?

**श्री शशि भूषण** : अमरीका सरकार से ज्यादा यह लोग अमरीका के ज्यादा एजेन्ट बनते हैं।

**श्री हरदयाल देवगुण** (पूर्व दिल्ली) : यह चीन के खिलाफ़ नहीं जाते जो देश की हजारों वर्गमील भूमि पर कब्जा किये हुए बैठा है।

**श्री शशि भूषण** : सी० आई० ए० एजेंटस ज्यादा तेज हैं बनिस्बत अमरीका की सरकार के (**व्यवधान**).....

**अध्यक्ष महोदय** : क्या मजा आ रहा है। आप लोगों को सब लोग इंटरप्ट कर रहे हैं। लगता है कि जिस दिन ऐसा न हो आप का नशा ही न टूटे। बैठे-बैठे इस तरह से बातें करते हैं, यह मुनासिब नहीं है।

**श्री सीताराम केसरी** : लाखों नौजवान जो प्रदर्शन कर रहे हैं उन के साथ हमारी हमदर्दी है। अमरीकन ऐम्बेसेडर भी इन से मिलने नहीं आये, वहां का कोई एक सेक्रेटरी आप के सामने आया जिस ने आप को चाय पिलायी। आप को अपने विचारों को यहां अभिव्यक्त करना चाहिये था।

मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो उन्होंने वक्तव्य में कहा कि कम्बोडिया में विदेशी सैनिक जितने हैं उन सभी को हट जाना चाहिये, यह ठीक है। क्योंकि किसी भी देश की स्वाधीनता में हस्तक्षेप होता है जब कोई विदेशी सेना वहां जाती है, और हम लोग उस की मुखालफ़त करते हैं। इसलिये मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि अभी जो अमरीका के वाइस प्रेसीडेंट का स्टेटमेन्ट आया जिस के जवाब में आप का स्टेटमेन्ट आया, उस से क्या मैं यह समझूं कि आप ने सभी विदेशी सेनाओं को वहां से हट जाने के लिये जो कहा, या उन के आक्रमण की जो आप ने भर्त्सना की, उसी की वजह से अमरीका ने दुखित हो कर एक प्रतिहिंसा के रूप में आप के ऊपर यह चार्ज लगाया कि आई० सी० सी० का कनवेंशन आप इसलिये नहीं बुलाते हैं क्यों कि रूस नहीं चाहता है ?

**श्री दिनेश सिंह** : जो हमारे विचार थे, जो अमरीका की तरफ़ से हम को कहा गया, वह सब सदन के सामने आ गया है। माननीय सदस्य समझ सकते हैं कि क्या किस के विचार रहे होंगे।

जहां तक वहां की स्थिति है, माननीय सदस्य ने जो कहा कि हम ने कहा है कि वहां से सब फौजें हटायी जायें, यह बात बिलकुल ठीक है। असल में वहां की दिक्कत बढ़ती गयी क्योंकि एक मामला वियतनाम का है और उस मामले का अभी तक हल नहीं निकला है, और उसकी तरफ़ से उसमें हल न निकलने की वजह से ऐसा लगता है कि वहां की स्थिति कुछ फैलती जा रही है। इसीलिए हम ने कहा कि इंडो-चाइना के हर एक देश में जो भी बाहरी फ़ौजें हों उन को हट जाना चाहिये और हम को वहां के मामलों का बैठ कर शांति से कोई हल निकालना चाहिये।

MR. SPEAKER : Mr. Janeshwar Misra.

SHRI J. MOHAMED IMAM (Chitradurga). I have tabled a motion.

MR. SPEAKER : You met me in my Chamber. I have explained to you.

SHRI J. MOHAMED IMAM : I want to make a submission. I want to request you to reconsider it in view of its importance.

MR. SPEAKER : Yes, I will consider it.

SHRI J. MOHAMED IMAM : I am going to explain it.

MR. SPEAKER : No question of explaining. I am already considering it. That will come in the House in one form or another.

SHRI J. MOHAMED IMAM : In the form of adjournment motion in view of the total failure of the Government. It is a State from which the Home Minister comes.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, आप बात सुन लें।

MR. SPEAKER : I am not going to allow any reference to it. They have come to me. I will think over it.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, मामला कानून और व्यवस्था का नहीं है। देश के कई भागों में साम्प्रदायिक दंगे हुए हैं......

**श्री शशि भूषण** : कारण आप हैं इस प्रश्न का।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : कारण कौन है, इस पर हम चर्चा करना चाहते हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : आप को कैसे पता है कि मैं क्या करने वाला हूं।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : मैं ने एक मोशन दिया है । मैं नहीं जानता कि किन कारणों से आप ने स्थगन प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया । यह मामला ऐसा है जिस पर आप कार्य-स्थगन प्रस्ताव ले सकते हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : जरा सब्र तो कीजिये ।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : फिर मैं ने दूसरा मोशन दिया हुआ है कि देश की साम्प्रदायिक स्थिति पर विचार होना चाहिये ।

**अध्यक्ष महोदय** : मेरे पास आये, मैं देखूंगा इस को अभी क्यों कमिट करवाते हैं ।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के पास भेज चुका हूं ।

## *RE.* QUESTION OF PRIVILEGE AGAINST A POLICE OFFICER

**श्री जनेश्वर मिश्र** (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, पिछले शुक्रवार को करीब साढ़े नौ बजे सुबह मैं अपने घर पर बैठा था कि इनकी क्राइम ब्रांच के एक सब-इंस्पैक्टर बिना घंटी बजाये मेरे घर में घुसे और उन्होंने 6 अप्रैल को जो पटेल चौक में घटना हुई थी उसके बारे में इनक्वायरी चाही । मैं ने उनसे कहा कि आप को यहां आने की हिम्मत कैसे पड़ी ? उन्होंने कहा कि उन के कोई अफ़सर हैं, श्री अवतार सिंह, उन्होंने उन्हें आदेश दिया है कि सब लोगों के यहां जायें । हम को रिपोर्ट मिली, और वह पटेल साहब के घर पर भी गये थे इनक्वायरी करने के लिये । ऐसे ही हमारी पार्टी के जितने मेम्बर हैं सब के घर पर जाते हैं ।

अब यहां पर तीन सवाल उठते हैं । एक तो हम लोक सभा के सदस्य हैं । हम नहीं चाहते कि हम को कोई विशेपाधिकार हो ।

**13 Hrs.**

लेकिन खास तौर से जब हम सेशन के लिए पालियामेन्ट हाउस आते हैं तो उसके डेढ़ घंटे पहले हम को इतनी फ़ुरसत होनी चाहिए कि हम आजादी से अपनी बात सोच सकें, अपने ढंग से काम कर सकें । ठीक साढ़े नौ बजे चव्हाण साहब का पुलिस का अफ़सर हम लोगों को रोकने के लिए जाय । उस दिन हमें काम था और कम्बोडिया के सवाल पर जो हम कौलिंग अटेंशन नोटिस भेज रहे थे वह बिगड़ सकता था और लोक सभा का हमारा तमाम काम रुक ही जाता । अब लोक सभा का सदस्य होने के नाते मैं चव्हाण साहब से इतना चाहूंगा कि वह अपने पुलिस के अधिकारियों को आदेश दें कि वह इस तरह से संसद् सदस्यों के पालियामेन्टरी काम करने के हक को मत छीनें । उन को यह आदेश दें कि पुलिस के अधिकारी संसद् सदस्यों के उनके पालियामेन्टरी काम करने में बाधा न डालें ।

नम्बर 2 यह कि इस सदन में उन चव्हाण साहब से पहले श्रीमती इंदिरा गांधी ने ऐलान कर दिया था कि उस कांड के बारे में जुडिशिएल इनक्वायरी बैठायी जायगी । वह इनक्वायरी अभी काम नहीं कर रही है और लोगों के घाव सूख रहे हैं । अब इस सदन में एक घोषणा होती है कि कोई हाई कोर्ट का जज उस काम को देखेगा और चव्हाण साहब की क्राइम ब्रांच का कोई इंस्पेक्टर या सब-इंस्पेक्टर सदस्यों के घरों पर जाकर धमकी देता है, कई जगहों पर धमकी दी है । इस तरह की रिपोर्ट हम को मिली है उन्होंने जाकर कहा है कि सोशलिस्ट पार्टी के मेम्बर क्यों हो ? क्या मधु लिमये या राज नारायण तुम्हें पैसा देते हैं ? गांवों के लोगों को धमकी दी । बिहारी लाल के घर जाकर धमकाया लड़के को कि अपने बाप को तुम पहचानना नहीं । हम लोगों को पता लगा कि यह सारी शिकायतें हैं । उस के साथ एक नई घटना और आ जाती है जिसका कि मैं जिक्र करूंगा कि 6 अप्रैल को मैं पटेल चौक के पास होकर गया था । उसी शुक्रवार को जिस दिन चव्हाण साहब की पुलिस मेरे कमरे में आती है इनक्वायरी करने के लिए, उसी शुक्रवार को जगतगुरु शंकराचार्य संसद्